# 99921 - दाँतों पर स्थायी सफेद परत लगाना

## प्रश्न

मेरे दाँत, अल-हम्दुलिल्लाह, मुझे कोई परेशानी नहीं देते हैं .. सिवाय इसके कि वे पीले रंग के हैं और उन पर कुछ सफेद धब्बे हैं, और इससे मुझे बहुत शर्मिंदगी और असुविधा होती है.. मैंने उन्हें सफेद कराने (टीथ वाइटनिंग) के बारे में पूछा, तो उन्होंने मुझे बताया कि मेरे दाँतों के अलग-अलग रंग के कारण इससे मुझे कोई फायदा नहीं होगा... लेकिन उन्होंने मुझे बताया कि दाँतों के लिए एक स्थायी कोटिंग होती है जिसका रंग प्राकृतिक सफेद होता है, और यह मेरी समस्या का समाधान कर सकता है... ऐसा करने का क्या हुक्म है ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आपने जो उल्लेख किया है, उसके साथ दाँतों की कोटिंग करने में कोई हर्ज नहीं है, भले ही वह कोटिंग स्थायी हो, क्योंकि मूल सिद्धांत यह है कि यह अनुमेय है और हम इससे मना करने का कोई शरई कारण नहीं जानते।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।